
प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 / 2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com

वर्ष 8+15 अंक 34 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शुक्रवार 26 मई 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार ..... पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


# बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित

## प्रदेश की टाँप टेन सूची में जिले को मिला स्थान, 10 वी का 59.29 प्रतिशत तथा 12वी का 57.16 प्रतिशत रहा जिले का परीक्षा परिणाम

सिवनी यशोः- एमपी बोर्ड 10वीं और 12वीं के नतीजे जारी हो गए हैं. मध्यप्रदेश के शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने गुरूवार को दोपहर 12:30 बजे पत्रकार वार्ता आयोजित कर रिजल्ट घोषित किया । एमपी बोर्ड 10वीं` लास में इस साल कुल 63.29 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए हैं जिसमें लड़कियों का पास प्रतिशत लड़कों से ज्यादा बेहतर रहा है. लड़कियों को पास प्रतिशत 66.47 रहा है जबकि लड़कों का पास प्रतिशत 60.26 रहा है. जबकि 12वीं` लास में 55.28 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए हैं 12 वी में भी लड़कियों का रिजल्ट लड़कों से बेहतररहा है.। 58.75 प्रतिशत लड़कियां पास हुई हैं जबकि 52 प्रतिशत लड़के पास हुए हैं ।




हर्ष गोल्हानी को प्रदेश में सातवाँ स्थान सुधांशु चौकसे ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में आठवाँ स्थान बनाया

### घंसौर की श्रेया प्रदेश में छटवाँ

सिवनी जिले का कुल परीक्षा परिणाम कक्षा दसवीं का 59.29 प्रतिशत रहा है जबकि कक्षा 12वी का परीक्षा परिणाम 57.16 प्रतिशत रहा । सिवनी जिले से कक्षा दसवीं के तीन छात्रों ने प्रदेश की टाप टेन सूची में अपना स्थान सुनिश्चित किया है । इन छात्रों में भावास एकेडमी घंसौर से कु.श्रेया अग्रवाल ने 500 में से 489 अंक प्राप्त कर प्रदेश में छटवाँ स्थान बनाया है इसी प्रकार सरस्वती शिशु मंदिर केवलारी के ओमप्रकाश राजपूत ने 500 में से 489 अंक प्राप्त कर छटवाँ और शा.उ. मा. वि. बालक विद्यालय छपारा के सुधांशु चौकसे ने 500 में से 487 अंक प्राप्त कर प्रदेश की टाप टेन सूची में आठवाँ स्थान बनाया है ।

### इशिता चौरसिया जिले में प्रथम

इसी प्रकार माध्यमिक शिक्षा



मंडल द्वारा जिले की टाँप -3 सूची गयी है जिसमें शास.उ.मा.वि.बालक छपारा की छात्रा कु. इशिता चौरसिया 96.80 प्रतिशत अंक, भावास एकेडमी घंसौर की छात्रा कु.रानी कुशवाहा ने 96.80 प्रतिशत अंक एवं शास.हाईस्कूल गगेरुआ की छात्रा कु. प्रेरणा चौधरी ने भी 96.80 प्रतिशत अंक तथा शास.ए.जे.के.हाईस्कूल गनेशगंज की छात्रा कु.श्रुति सोनी ने भी 96.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया है जिले की चारों छात्राओं को 500 में से 484 अंक प्राप्त हुये है । मिशन इं.उ.मा.वि.सिवनी के छात्र रुपक लखेरा ने 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में द्वितीय तथा शास.हाईस्कूल पोनिया निखिल तांडेकर ने 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की प्रवीण सूची में तृतीय स्थान प्राप्त किया है ।

### हर्ष गोल्हानी को प्रदेश में सातवाँ स्थान

हायर सेकेन्ड्री कक्षा 12 वीं में भी प्रदेश की टाँप टेन सूची में जिले ने अपना स्थान सुनिश्चित किया है शास.उ.मा.वि.बा.धूमा के छात्र हर्ष गोल्हानी ने 500 में से 481 अंक 96.20:प्राप्त कर प्रदेश की टाँप टेन सूची में सातवाँ स्थान प्राप्त किया है ।

### नाजरीन ने जिले में किया टाप

इसके साथ ही मंडल द्वारा जिले



की टाँप-3 प्रवीण्य सूची भी जारी की गयी है जिसमें चार छात्रों ने अपना स्थान बनाया है । हायर सेकेण्ड्री की 12 वीं कक्षा में जिले में प्रथप स्थान पर शास.उ.मा.वि.बा.खैरापलारी के गणित संकाय से नाज़रीन कुरैशी ने 500 में से 470 अंक प्राप्त कर 94 प्रतिशत अंक के साथ जिले में प्रथम स्थान बनाया है जबकि श्रीराम आदर्श डूंडासिवनी के वाणिज्य संकाय के छात्र अमित कटरे ने 500 में से 468 अंक प्राप्त कर 93.60 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान दो छात्रों ने प्राप्त किया है।

शास.उत्कृष्ट विद्या.सिवनी के गणित के छात्र सत्यम सनोडिया एवं शास.उ.मा.वि.गंगेरुआ के कृषि संकाय के छात्र आशीष चौधरी ने 500 में से 466 अंक के साथ 93.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की टाँप- 3 सूची में तृतीय स्थान प्राप्त किया है ।

एमपी बोर्ड ने रिजल्ट के साथ टॉपर्स की लिस्ट भी जारी कर दी है. हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के स्टूडेंट्स अपने रिजल्ट एमपी बोर्ड की वेबसाइट mpresult.nic.in और mpbse.nic.in पर जाकर चेक कर सकते हैं. एमपी बोर्ड 10वीं की परीक्षा में इंदौर के मृदुल पॉल ने टॉप किया है. उन्हें 99 फीसदी यानी 500 में से 494 नंबर मिले हैं. जबकि सेकेंड टॉपर इंदौर की ही प्राची गड़वाल दूसरे नंबर पर रही हैं. उन्हें 493 नंबर मिले हैं. जबकि 12वीं की परीक्षा में मौली नेमा ने 489 नंबर पाकर टॉप किया है।

विस्तृत जानकारी के लिये दैनिक यशोन्नति की बेवसाईड https://dainikyashonnati.com पर लाँगइन करें ।

## सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का रहा उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम



सिवनी यशो - माध्यमिक शिक्षा मंडल म. प्र. भोपाल द्वारा जारी किये गये दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैरोगंज सिवनी के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर अभिभावकों एवं विवेकानंद बाल कल्याण समिति ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये आचार्य परिवार एवं परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले भैया बहिनों को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रदान की ।



आये परीक्षा परिणामों में विद्यालय की कक्षा दसवीं में 64 भैया बहिनों ने प्रथम श्रेणी, 19 भैया बहिनों ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की जिसमें कक्षा दसवी के भैया चैतन्य सिहारे ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान, बहिन पूर्णिमा चौरसिया एवं दीपांशी नंदनवार ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान बहिन प्रतिष्ठा बघेल ने 91.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

इसी प्रकार कक्षा 12 वीं में विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में 49 भैया बहिनों ने प्रथम श्रेणी में 16 भैया बहिनों ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की । जिसमें विज्ञान संकाय में भैया सौरभ गरेवाल ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम, बहिन नियति बघेल में 90 प्रतिशत अंक से द्वितीय स्थान एवं बहिन खुशबू पारधी ने 88.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया । इसी प्रकार कक्षा 12 वीं में ही वाणिज्य संकाय में बहिन खुशी बघेल ने 91 .2 प्रतिशत अंक से प्रथम स्थान, बहिन भूमिका सोनकेशरिया ने 90.8 प्रतिशत अंक से द्वितीय स्थान तथा भैया कार्तिक बघेल ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

विद्यालय के किसी भी भैया बहिन ने तृतीय श्रेणी प्राप्त नहीं की है । समस्त मेधावी भैया बहिनो का विद्यालय परिवार एवं विवेकानंद बाल कल्याण समिति के व्यवस्थापक श्री नितिन चौधरी सह व्यवस्थापक डां. शातनु शर्मा कोषाध्यक्ष मनोज मर्दन त्रिवेदी ने तिलक चंदन वंदन कर शुभकामनाएँ दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।

## संतोष ग्वालवंशी भाजपा के किसी पद में नहीं - आशीष

सिवनी यशोः- संतोष ग्वालवंशी भाजपा के किसी भी पद पर नहीं है उन्हें अप्रैल माह में ही भाजपा के दायित्व से उनकी निष्क्रियता के कारण निष्कासित कर दिया गया था । उक्ताशय की जानकारी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष आशीष माना ठाकुर ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से देते हुये कहा है कि कुछ अखबारों में इस आशय के समाचार प्रकाशित हो रहे है कि दुराचार के आरोपी संतोष ग्वालवंशी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला महामंत्री के दायित्ववान कार्यकर्त्ता है जो निराधार है । संतोष ग्वालवंशी को भाजपा जिलाध्यक्ष एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष की सहमति से उनकी निष्क्रियता के कारण न केवाल निष्कासित किया गया था बल्कि अनुशासनहीन के कारण उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी 05 अप्रैल को बर्खास्त कर दिया गया था ।

## सरकार की कल्याण सोच को जन जन तक पहुँचाएं- आलोक दुबे

### बूथों की मजबूती हमारी महाजनसंपर्क अभियान का लक्ष्य है - राकेश पाल सिंह

कान्हीवाड़ा यशोः- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वर्णिम कार्यकाल के 9 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं, एवं संगठनात्मक मजबूती के लिये संगठन द्वारा 30 मई से 30 जून तक विशेष महा जनसंपर्क अभियान चलाया जायेंगा। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम जिला, विधानसभा, मंडल, शक्ति व बूथ केन्द्रों पर आयोजित किये जायेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे के नेतृत्व में महा जनसंपर्क अभियान को सफल बनाने के लिए जिले के सभी मंडलों में बैठकों का दौर प्रारंभ है।



बुधवार 24 मई को केवलारी विधानसभा क्षेत्र के मंडल कान्हीवाड़ा एवं पलारी मंडल की कार्यसमिति की काम काजी बैठक संपन्न हुई जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे, केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह, एवं केवलारी विधानसभा संयोजक प्रदीप राय शामिल हुए । मंडल कार्य समिति की बैठक के प्रारंभ भारत माता एवं पार्टी के पितृ पुरूष स्व श्री पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी,स्व श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ,पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व . पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जी की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

आगामी समय मे भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रमों को लेकर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आलोक दुबे एवं मंडल प्रभारी जिला उपाध्यक्ष केवलारी विधानसभा क्षेत्र के संयोजक प्रदीप राय ने कार्यकर्ताओ से विस्तृत चर्चा की। एवं कार्यकर्त्ताओं से कहा कि आगामी समय में विधानसभा एवं लोकसभा के चुनाव होना है हम पूरी ताकत से अपनी केन्द्र सरकार एवं प्रदेश की शिवराज सरकार की योजनाओं को जनमानस के बीच फोकस करें तथा विरोधियों के कुतर्कों का जबाब दें ।

केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह ने संबोधित करते हुये कहा हम संकल्प लें कि यह पार्टी का जो जन स पर्क कार्यक्रम आया हैं। इसके अनुसार हम अपने ग्राम क्षेत्र एवं बूथ में जाकर सभी आम जन मानस से मिले और अपने बूथ को सशक्त करे। आप विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के देव दुर्लभ कार्यकर्ता हैं आप सबकी मेहनत से ही पार्टी इस मुकाम पर पहुँची है और पार्टी आमजन भावनाओं के अनुसार राष्ट्र को गौरव प्रदान करने कार्यो के साथ व्यापक जनकल्याण के संकल्प को पूर्ण कर रही है देश को विकास की र तार दे रही है । केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की जन हितकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करे। आम जन तक हमारी सरकार की योजनाओं की जानकारी अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुँचाये। विकास,समृद्धि,खुशहाली, किसान भाइयों का विकास, सड़क,पानी,बिजली आदि के विकास भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में हुआ है देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद आज भारत देश विश्व गुरु बनने की ओरअग्रसर हैं। इस कार्यक्रम में सभी मंडलो के अध्यक्ष,पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे ।

## गुरुरत्न की प्राकट्य भूमि सिवनी तथा जिले का ब्राह्मण समाज अभिनंदनीय है - शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद

सिवनी यशोः- सिवनी 24 मई 2023 निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अल्प समय के लिए गुरुधाम दिघोरी पहुंचे ,अनंत श्री विभूषित ज्योतिष पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज का जिला ब्राह्मण समाज सिवनी द्वारा आत्मीय स्वागत अभिनंदन किया गया । इसके साथ ही जिले के अन्य गुरू भक्तों ने गुरूधाम दिघौरी पहुंच कर पूज्य शंकराचार्य जी अमृतवाणी का रसपान किया तथा आर्शीवाद प्राप्त किया ।



ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि मंडल द्वारा, नवाभिषिक्त पूज्य शंकराचार्य का शाल, श्रीफल, विशाल पुष्पमाला, से जय घोष के साथ स्वागत किया गया! शंकराचार्य अभिषिक्त होने के पश्चात जिले मे शूभ आगमन के उपलक्ष में, आप सभी के स मान में ब्राह्मण समाज की ओर से आत्मीय अभिनंदन पत्र समर्पित किया गया !

पूज्य शंकराचार्य की आज्ञा से, जिला ब्राह्मण समाज अध्यक्ष- पं.ओमप्रकाश तिवारी द्वारा अभिनंदन पत्र का वाचन कर प्रकाशित किया गया! आत्मीय स्वागत और अभिनंदन से अभिभूत शंकराचार्य जी ने अपने संक्षिप्त आशीर्वचन में कहा कि, इस पुण्य भूमि से *हमारे गुरु रत्न *ब्रह्मलीन द्वि पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य प्रकट हुए हैं* अतः यह भूमि तथा इस जिले का ब्राह्मण समाज अभिनंदन है ! आप श्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ब्राह्मण समाज एवं गुरु परिवार को पूज्य गुरुवर की ओर से आशीर्वाद प्रदान किया तथा सहर्ष सामूहिक संस्मरण छायाचित्र अंकित करवाया ! प्राप्त अल्प सूचना पर दिघोरी पहुंचे ब्राह्मण समाज प्रतिनिधि मंडल में जिलाध्यक्ष -पं.ओमप्रकाश तिवारी ,महासचिव- प्रशांत शु ला, नगर अध्यक्ष- अशोक तिवारी ,कोषाध्यक्ष- पं.प्रदीपतिवारी ,आयोजन प्रभारी पं.जुगल दुबे, भाजपा जिला अध्यक्ष पं.आलोक दुबे, सह कोषाध्यक्ष पं.अनुराग त्रिपाठी ,श्री परशुराम वाहिनी अध्यक्ष अखिलेश चंकी पांडे, वाहिनी महामंत्री सूर्यकांत चतुर्वेदी,पं.राजेन्द्र तिवारी, पं.गोपाल तिवारी, जिला कार्यसमिति सदस्य पप्पू पांडे गरठिया, अशोक पांडे राहीवाडा, जितेंद्र मिश्रा हथनापुर, रितेश पांडे एवं बड़ी सं या में गुरु परिवार के सदस्य उपस्थित रहे !

गुरु धाम दिघोरी में अभिनंदन कार्यक्रम के पश्चात ब्राह्मण समाज का प्रतिनिधि मंडल ब्रह्मलीन शंकराचार्य महाराज श्री के कृपा पात्र शिष्य गीता मनीषी ब्रह्मचारी श्री निर्विकल्प स्वरूप जी* का दर्शन एवं सत्संग लाभ अर्जित करने ग्राम हथनापुर ढाना पहुंचा! यहां भगवती की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में *भगवती सीता कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ*(22मई से29मई) में पूज्य ब्रह्मचारी जी के मुखारविंद से,प्रतिदिन 3 से6 सायं.अमृत वचन प्रवाहित हो रहे हैं! ग्राम हथनापुर में सत्संग के दौरान जिज्ञासु श्रद्धालु जनों के आग्रह पर पूज्य ब्रह्मचारी जी ने श्री सुदर्शन चक्र की महिमा तथा भगवान श्री परशुराम और सहस्त्रार्जुन प्रसंग सुनाकर श्रोताओं की जिज्ञासा पूर्ण किया!

जबरन नॉलेज




## बेलपेठ की शाला का परिणाम रहा शत प्रतिशत

सिवनी यशोः- कुरई विकासखंड के ग्राम बेलपेठ स्थित जय श्री राम हायर सेकेंडरी शाला में कक्षा दसवीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा, इस शाला में 24 छात्र छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया था जिनमें 20 प्रथम तथा 4 द्वितीय स्थान पर रहे प्राचार्य आर आर रघुवंशी ने बताया कि इस परीक्षा परिणाम में अपूर्णा सोनी ने 70 प्रतिशत, श्रृद्धा परतेती 89.5, निधि पाल 88.8 प्रतिशत राधिका साहू 88.6 कृतिका पाल 88.9, निशाली रघुवंशी 71.6 प्रतिशत अशुमान रघुवंशी ने 82.3 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। आदिवासी अंचल की इस शाला के परिणामों को लेकर जिला शिक्षा विभाग सहित सभी शुभचिंतकों ने अपनी शुभकामनाऐं दी।

# पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री का मोदी जी के पैर छूना बड़ा संकेत

**प्रशांत पोळ–**

इस समय, जब पूरब के एक छोर का छोटासा देश,



'पापुआ न्यू गिनी' गहरी निद्रा मे हैं, वहां के एक फोटो ने सारे भारत मे जबरदस्त हलचल मचा रखी हैं। सारे समाचार चैनल इसी समाचार को दोहरा रहे हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, **Forum for India-Pacific Islands Cooperation (FIPIC)** के तीसरे अधिवेशन मे पापुआ न्यू गिनी के पोर्ट मोरेस्बी मे आज शाम को वहा पहुंचे।

जापान से निकलने का और पापुआ न्यू गिनी (प्रचलित भाषा मे पीएनजी) पहुंचने का समय कुछ ऐसा था कि सूर्यास्त के बाद मोदीजी वहां पहुंच रहे थे। पीएनजी के शासकीय प्रोटोकाल के अनुसार, रात्रि, सूर्यास्त के बाद वहां शासकीय स्वागत नही किया जाता, किंतु इन सारे प्रोटोकाल को बाजू मे रखकर, पीएनजी के प्रधानमंत्री जेस मारापे ने न केवल मोदीजी का शाही और जबरदस्त स्वागत किया, वरन् एयरपोर्ट पर, सबके सामने मोदीजी के पैर छुए। यह अद्भुत हैं। अभूतपूर्व हैं। विश्व के इतिहास मे आज तक कभी भी, किसी भी राष्ट्रप्रमुख ने, दूसरे राष्ट्रप्रमुख के पांव सार्वजनिक रुप से नही छुए हैं।

इससे कोई फर्क नही पडता कि पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) मात्र 1 करोड जनसं या का छोटा सा देश है। इससे भी फरक नही पडता कि पीएनजी का वैश्विक राजनीति मे बहुत बडा स्थान नही है।

फर्क इससे पडता है कि वैश्विक राजनीति में मोदी का स्तर जबरदस्त तरीके से बढ रहा हैं। जब मोदी जी कोरोना काल मे विश्व के अनेक छोटे-बडे देशों को वैसीन भेज रहे थे, तब इस देश के बुध्दिजीवी उनकी खिल्ली उडाते थे। आज वही सब काम आ रहा हैं।

कोरोना के भीषण त्रासदी मे जब पीएनजी खून के आंसू पी रहा था, उसका पडोसी देश चीन जब मुंह फेर रहा था, तब भारत ने इस देश के वैसीन के आवश्यकता की पूर्ती की थी। 7 अप्रैल 2021 को भारत ने पापुआ न्यू गिनी को लाखो वैसीन भेजे थे। जेस मारापे को इस सब का स्मरण था। मोदी जी के पैर छुना यह कृतज्ञता व्यक्त करने का एक छोटासा प्रयास था।

किसी जमाने में, हजार - डेढ़ हजार वर्ष पहले, पुरुषपुर (आज का पेशावर) से पापुआ न्यू गिनी तक हिंदू संस्कृती का साम्राज्य था। पैर छुने की इस छोटी सी घटना ने हमारी उस प्राचीन संस्कृति के धागों को पुनः मजबूत किया हैं।

इस घटना से कुछ ही घंटो पहले, जापान मे क्वाड सम्मेलन, के समापन के समय, अमेरिका के राष्ट्रपती, जो बाईडेन ने मोदी जी से कहा, ÷आप तो अद्भुत लोकप्रिय हो। अमेरिका मे आपके कार्यक्रम मे शामिल होने के लिये अनेक बडी - बडी हस्तियां मेरे से तिकट की व्यवस्था करने के लिये मेरी जान खा रही हैं !÷

बदलते भारत का यह जबरदस्त आश्वासक चित्र है।

# भारतीय सिनेमा के 20 सालों की प्रतीक्षा है फिल्म : द केरल स्टोरी

## कटते भी चलो, बढ़ते भी चलो कांधे हैं बहुत हैं सर भी बहुत

**दीपक विश्वकर्मा–**

इन दिनों देश के सबसे चर्चित मुद्दों में से एक मुद्दा है 4 भाषाओं में रिलीज हुई फ़िल्म द केरल स्टोरी। सिनेमाई विशेषज्ञ कहते हैं कि सिनेमा समाज का आईना है, समाज में जो घटता है देर सबेर वह सिनेमा के 70 एमएम के पर्दे पर भी जरूर दिखाई देता है, लेकिन वहीं दूसरी ओर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के झंडेबरदारों ने केरल स्टोरीज के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। उनका तर्क है कि यह फ़िल्म एक प्रोपेगैंडा है। एक अंतरराष्ट्रीय तथ्य तोड़क मरोड़क युवक युट्यूब पर कह रहा है कि फिल्म में 32000 युवतियों के जो आंकड़ा बताया गया है वह झूठ है जबकि असल में ऐसा सिर्फ 3 लड़कियों के साथ हुआ था इसलिए यह फ़िल्म एक झूठ है। ऐसी फिल्में नहीं बननी/बनानी चाहिए।

लेकिन कोई उनसे नहीं पूछता की इस फॉर्मूले के अनुसार विदेशी धरती पर हुए 9/11 पर आधा दर्जन हिंदी फिल्में बनाने उनमें इमोशनल मिर्च मसाले लगाकर भारत में पेश करने की फिर` या आवश्यकता थी ? भला हम भारतियों का 9/11 के संदेहास्पद लोगों से




` या सबन्ध था ?

चलिए अच्छा आज यह सिनेमा गलत है/प्रोपेगेंडा है तो फिर आज से 20 साल पहले लगभग ऐसे ही विषय पर आई एक बंगाली निर्देशक की फ़िल्म ÷एस्केप फ्रॉम तालिबान÷` या थी..??` या आज से 20 साल पहले ममता बनर्जी बंगाल में नहीं रहतीं थीं..?

उस घटना की भुक्तभोगी उस बंगाली युवती का` या दोष था। उसे भी रंगमंच पर एक अफगानी से प्रेम हो गया वो अफगानी उसे अपने प्रेमपाश में फंसाकर अफगानिस्तान ले उड़ा, जहां जाकर पता लगता है कि उसकी पहले से ही एक पत्नी थी।` या वह लव जिहाद नहीं था, उसके बाद उस युवती ने ` या` या नहीं भुगता।` या उन्होंने उस बंगाली युवती का दर्द नहीं सुना है, ज्यादा नहीं अभी बमुश्किल 10 साल ही हुए होंगे उस युवती की तालिबान द्वारा निर्मम हत्या को, एक रोज वह तालिबानीयो के हाथों निर्दयता से मार तक दी गई।

उस युवती और केरल स्टोरी की इन 3 युवतिओं की कहानी में` या अंतर है। दोनों फिल्में एक ही विषय पर हैं लेकिन तब यही लोग मौन थे, आखिर ऐसा` या हुआ है और जो हुआ है वही इनकी असल तकलीफ है। ÷एस्केप फ्रॉम तालिबान÷ आज से 20 साल पहले आती है। कब आती है कब जाती है किसी को पता तक नहीं चलता ठीक से की ऐसी भी कोई फिल्म बनी थी भारत में और वह चुपचाप सिनेमा से उतर भी जाती है। एक युवती के साथ घटित इतने बड़े षड्यंत्र पर कहीं कोई चर्चा/संवाद या सेमिनार नहीं होता।

लेकिन आज की सजग पीढ़ी इस विषय को देख/समझ रही है। उसने सीरिया और इराक में ईसिस से लेकर अफगानिस्तान में हालिया तालिबान के उदय तक देखा है। वह तथाकथित सरिया, सीमेंट, गिट्टी, मुरम के राज को देख रही है, उससे उसके आसमानी फतवों और उसके असल स्रोतों से देर सबेर परिचित हो रही है और उसके सच को सामने आने से रोकने के लिए यह विरोध का प्रोपेगेंडा रचा जा रहा है। मुझे आज भी याद है इस देश में सिनेमा कब से बदला है न कोई राजामौली बाहुबली बनाने की कोशिश करता और न भारतीय सिनेमा की दिशा बदलती।

एक बहुत बड़े मरहूम फिल्म समीक्षक थे जो डेढ़ 2 साल पहले दुनिया से रुखसत हो गए, उन्हें अपने जीवन के आखिरी दौर तक बाहुबली खलती रही` योंकि बाहुबली ने देश के सिनेप्रेमी वर्ग की देखने समझाने की दिशा और दशा बदल दी उसके बाद लगातार बड़े-बड़े सिनेकारों ने ऐतिहासिक योद्धाओं पर विशेषतः हिन्दू योद्धाओं पर फिल्म निर्माण किया, जिससे गुलाब जामुन तहजीब के नाम सिनेमा के माध्यम से 70 सालों तक परोसे गए मीठे जहर का सारा प्रभाव कम होने लगा।

यह षड्यंत्रकारी एक बाहुबलीझकश्मीर फाइल्स की चोट समझ चुके हैं, इसलिए वह और उनका पूरा इकोसिस्टम अपनी पूरी यथाशक्ति लगाकर केरल की इस दर्दनाक कहानी को रोक देना चाहता है।

इसके नेपथ्य में उनका वही डर है की कहीं आगे जाकर केरल स्टोरी से प्रेरित कोई व्यक्ति अजमेर स्टोरी न बनाने लगे, इसलिए उन्होंने अपने सभी कलपुर्जों को एं टवेट कर दिया है कोई खराब रेटिंग दे रहा है, कोई सुदूर देश बिना फिल्म देखे रिव्यू दे रहा है तो कुछ कलपुर्जे फिल्म से जुड़े लोगों को सर तन से जुदा करने की धमकी तक दे रहे हैं। उन्हें समझना लेन चाहिए यह सुचना और संचार क्रांति का दौर है अब हर फाइल खुलेगी हर स्टोरी कही सुनी जाएगी काटो कितनो की गर्दनें काटोगे।

कटते भी चलो , बढ़ते भी चलो
कांधे हैं बहुत हैं सर भी बहुत।

# आयुष चिकित्सा पद्धति से स्वस्थ जीवन-शैली विकसित करें राज्य मंत्री ने परसवाड़ा में किया आयुष मेले का शुभारंभ

भोपाल - आयुष राज्य मंत्री रामकिशोर %नानो% कावरे ने जन-सामान्य से अपील की है कि आयुष चिकित्सा पद्धति को अपना कर स्वस्थ जीवन-शैली को विकसित करें। उन्होंने कहा कि देश की प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों में स्वास्थ्य को उत्तम बनाये रखने के लिये अनेक




उपाय बताये गये हैं। राज्य मंत्री श्री कावरे बालाघाट जिले के परसवाड़ा में 3 दिवसीय आयुष मेले को संबोधित कर रहे थे।

राज्य मंत्री श्री कावरे ने कहा कि आयुष चिकित्सा पद्धति में शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिये अनेक औषधियाँ हैं। उन्होंने आयुर्वेद, हो योपैथी और यूनानी चिकित्सा पद्धति का ग्रामीण क्षेत्र में और विस्तार किये जाने पर जोर दिया। इस मौके पर मरीजों का निःशुल्क उपचार किया गया। योग प्रशिक्षक द्वारा नागरिकों को योग कराया गया।

ब्लॉक स्तर पर मेगा शिविर लगाये जाने के निर्देश

आयुष विभाग ने सभी संभागीय, जिला अधिकारियों और महाविद्यालय के प्राचार्यों को पत्र लिख कर 5 जून तक ब्लॉक स्तर पर आयुष मेगा शिविर लगाये जाने के निर्देश दिये हैं। शिविर में जन-सामान्य को आयुर्वेद पर आधारित दिनचर्या और ऋतुचर्या की जानकारी दी जायेगी। मेगा शिविर में आयुर्वेद आहार के अंतर्गत मिलेट द्वारा बनाये गये आरोग्यदायी व्यंजन का भी प्रदर्शन किया जाएगा और नागरिकों को इन्हें बनाने की विधि बताई जाएगी। मेगा शिविर में तुलसी, नीम समेत अन्य औषधीय पौधों का वितरण भी किया जाएगा।

विभाग के अंतर्गत संचालित 9 शासकीय आयुष महाविद्यालय और 23 निजी महाविद्यालय में विद्यार्थियों को बिजली और पानी के अपव्यय को रोकने की समझाइश दी जाएगी। इस दौरान महाविद्यालय की कैंटीन का स्वच्छ रखने की समझाइश विद्यार्थियों को दी जाएगी। आयुष विभाग ने मेगा शिविर और जन-जागरूकता [illegible] www.MeriLIFE.org पर अपलोड किये जाने के निर्दश भी दिये हैं।

# जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक हुई निरस्त

सिवनी यशोः- सिवनी दिनांक 24.05.2023 जिला पंचायत सिवनी की सामान्य सभा की बैठक दिनांक 26.05.2023 को जिला पंचायत सिवनी के सभाकक्ष में आयोजित की गई थी, जिसे मु य मंत्री जन सेवा अभियान के अंतर्गत ग्राम/ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है इन शिविरों में जिले के अधिकारी भ्रमण पर रहने के कारण सामान्य सभा की आयोजित बैठक निरस्त कर दी गई ।

# 5वीं-8वीं छात्रों के लिए बड़ी खबर, 5 जून को आएगा संशोधित परीक्षा परिणाम

भोपाल - हाल ही घोषित कक्षा 5वीं और 8वीं बोर्ड पैटर्न परीक्षा परिणामों में कुछ बच्चों का रिजल्ट इस कारण से फेल कैटेगरी में आया है कि उनके स्कूल के द्वारा अर्धवार्षिक या प्रोजे ट के अंको की इन्ट्री नही की गई। इस स्थिति के तहत बच्चों के भविष्य को दृष्टिगत रख राज्य शिक्षा केन्द्र के द्वारा इन अंकों की प्रविष्टि 27 मई तक पूर्ण करने के निर्देश स्कूलों को दिए हैं। इस संबंध में संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री धनराजू एस ने बताया कि अनेक शालाओं द्वारा छात्रों के अर्द्धवार्षिक परीक्षा एवं प्रोजे ट कार्य के अंकों की प्रविष्टि पोर्टल पर नहीं की गई है, जिस कारण से अनेक छात्र अनुत्तीर्ण हुए हैं। अतः विद्यार्थी हितों को दृष्टिगत रखते हुए ऐसी शालाओं के लिए दिनांक 23 मई 2023 से

**एक या दो विषय में अनुत्तीर्ण छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं का अनिवार्य पुनर्मूल्यांकन और अंकों की पुनर्गणना-पुनर्प्रविष्टि 30 मई तक**

**5 जून को आयेगा संशोधित परीक्षा परिणाम**

27 मई 2023 की अवधि में अर्द्धवार्षिक एवं प्रोजे ट के अंकों की प्रविष्टि शाला स्तर से किए जाने की सुविधा पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई है। जिन शालाओं द्वारा अर्द्धवार्षिक एवं प्रोजे ट के अंको की प्रविष्टि पोर्टल पर पूर्व में की जा चुकी है उसमें संशोधन करने की सुविधा प्रदाय नहीं की जा रही है।

संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र ने बताया कि, परीक्षा परिणामों का सूक्ष्म विश्लेषण करने पर पाया गया है कि कुछ छात्र एक या दो विषयों में अनुत्तीर्ण हुए हैं जबकि शेष विषयों में उत्तीर्ण हैं। ऐसे प्रकरणों में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मूल्यांकन या पोर्टल पर अंकों की प्रविष्टि में कोई विसंगति हुई हो। ऐसी संभावित गलतियों के कारण छात्रों का अहित न हो, इस उद्देश्य से राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि ऐसे समस्त छात्र जो केवल एक या दो विषय में अनुत्तीर्ण हुए हैं उनकी उत्तर पुस्तिकाओं का अनिवार्य पुनर्मूल्यांकन/अंकों की पुनर्गणना/पुनर्प्रविष्टि की जाये।

इस संबंध में संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री धनराजू एस ने बताया कि, अनिवार्य पुनर्मूल्यांकन/ अंकों की पुनर्गणना/पुनर्प्रविष्टि हेतु चिन्हित, समस्त विद्यार्थियों की कक्षावार एवं विषयवार सूची संबंधित मूल्यांकन केन्द्र प्रभारी एवं बी.आर.सी. को परीक्षा पोर्टल पर उपलब्ध करा दी गई है। संबंधित मूल्यांकन केन्द्र प्रभारी उपलब्ध सूची के अनुसार कक्षावार विषयवार उत्तर पुस्तिकाओं को निकलवाकर 26 मई से 30 मई की अवधि में अनिवार्य पुनर्मूल्यांकन/अंकों की पुनर्गणना/पुनर्प्रविष्टि का कार्य पूर्ण करवाऐंगे। पुनर्मूल्यांकन पश्चात संशोधित अंकों की प्रविष्टि भी पोर्टल पर पूर्व निर्धारित प्रक्रिया अनुसार की जायेगी। यह कार्य 30 मई 2023 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों में यह स्पष्ट किया गया है कि किसी भी विद्यार्थी को पूर्व में प्रदाय अंकों को कम नहीं किया जाएगा। पुनर्मूल्यांकन एवं अंकों की प्रविष्टि में संशोधन उपरांत विद्यार्थियों का संशोधित परीक्षा परिणाम 5 जून को घोषित किया जाएगा। दिनांक 5 जून 2023 को परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात भी यदि विद्यार्थी उत्तर पुस्तिका का अवलोकन करना चाहता है तो उसे यह सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रदेश के समस्त जिला कले टर्स को संबोधित निर्देश पत्र में यह स्पष्ट किया है कि उक्त कार्य में लापरवाही या त्रुटि परिलक्षित होने पर व्यक्तिगत जि मेदारी निश्चित करते हुए संबंधित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

# सभी महाविद्यालय परिवहन व्यवस्था जुलाई माह से अनिवार्य रूप से लागू करें - उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. यादव

सिवनी यशोः-उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने निर्देश दिए है कि सभी महाविद्यालय परिवहन व्यवस्था आगामी जुलाई माह से अनिवार्य रूप से लागू करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों खास कर छात्राओं को आवागमन में परेशानी न हो, इसलिए सभी महाविद्यालय और विश्वविद्यालय गंभीरता से इस व्यवस्था को लागू करें। मंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय में विभागीय गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे।

मंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 6 विश्वविद्यालय रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर और विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन में इ यूवेशन सेंटर स्थापित किया गया है। इन विश्वविद्यालयों द्वारा 27 पेटेंट प्रगतिशील है। छात्रों द्वारा किए जा रहे इनोवेशन का प्रचार-प्रसार अनिवार्य रूप से किया जाये। उनकी वीडियो बना कर सोशल मीडिया से प्रचारित करें।

प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा श्री के.सी. गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए कॉन्सेप्ट नोट तैयार किया जा चुका है। अन्य राज्यों में स्थापित 12 कौशल विश्वविद्यालयों और संस्थानों का अध्ययन कर उनमें संचालित किए जा रहे पाठ्यक्रमों के आधार पर प्रस्ताव तैयार किया गया है। श्री गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2019-2020 के नियुक्त 2848 सहायक प्राध्यापकों में से प्रथम चरण में 674 सहायक प्राध्यापकों/ग्रंथपालों/क्रीड़ा अधिकारियों की परिवीक्षा समाप्ति के आदेश जारी हो चुके हैं। 862 सहायक प्राध्यापकों/ग्रंथपालों/क्रीड़ा अधिकारियों के शैक्षणिक अभिलेखों का सत्यापन हो चुका है। इनमें से 175 प्रकरणों में पुलिस सत्यापन पूर्ण कर सूची परिवीक्षा समाप्त करने के लिए शासन को भेजी गई है। शेष 1291 प्रकरण में पुलिस और अभिलेखों के सत्यापन की कार्यवाही की जा रही है।

# 31 दिसंबर 2022 तक की सभी अवैध कालोनियां होंगी वैध, सीएम शिवराज ने की बड़ी-बड़ी घोषणा

भोपाल - एमपी में अब 31 दिसंबर 2022 तक की अवैध कालोनियों को वैध किया जा सकेगा और रहवासियों को कोई विकास शुल्क भी नहीं देना पड़ेगा। ये घोषणा प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान ने आज सीएम हाउस से अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण, अधोसंरचना विकास और भवन अनुज्ञा वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सीएम शिवराज ने कहा कि खून पसीने की कमाई से बनाया गया मकान अवैध नहीं हो सकता। कॉलोनी को अवैध ठहराने का निर्णय ही अवैध है। इस निर्णय को मैं समाप्त करता हूं।

सीएम शिवराज ने कहा कि हमारे भाई-बहनों ने शहरों में आकर जहां सस्ती जमीन मिली, वहीं प्लाट खरीदे। बाद में वह कॉलोनियां अवैध घोषित हो गई। अवैध के नाम पर जो कलंक कॉलोनियों पर लगा था आज उसे हम मिटाने आए हैं। उन्होंने कहा कि मैं निर्देश दे रहा हूं कि प्लॉट काटते समय आप तीखी नजर रखें, अब इसके बाद अगर कोई अवैध कॉलोनी कटी तो इसके लिए अफसर भी जि मेदार होंगे।

राजधानी भोपाल में सीएम हाउस में आयोजित कार्यक्रम में सीएम शिवराज ने प्रदेश की 1000 से अधिक अवैध कालोनियों को वैध करने की प्रक्रिया को हरी झंडी दे दी है। इंदौर नगर निगम द्वारा वैध की जाने वाली 100 कालोनियों को भी इसमें शामिल किया गया है। 1 सीएम शिवराज ने एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि 31 दिसंबर 2022 तक



की सभी अवैध कॉलोनियों को वैध किया जाएगा। इसके पहले सीएम ने पहली घोषणा में सिर्फ 2016 तक की अवैध कॉलोनियों को ही वैध करने के लिए कहा था।

**जल्द कैबिनेट से पास होगा प्रस्ताव**

सीएम शिवराज ने एक और बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनी में जो विकास शुल्क की राशि ली जा रही है। वह अब नहीं ली जाएगी। यानी नगरी निकाय और पंचायत द्वारा ही सड़क बिजली पानी देने सहित मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

इसके साथ ही सीएम ने रहवासियों से संघों के गठन का भी आव्हान किया। ताकि उसके माध्यम से मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके। सीएम ने कहा कि अवैध कालोनियों में बने मकानों को भी वैध माना जाएगा और उस पर बैंक लोन भी मिलेगा।

मु यमंत्री ने नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री भूपेंद्र सिंह और कार्यक्रम में मौजूद प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई को निर्देश दिए कि वह सीएम की घोषणाओं के मद्देनजर जल्द ही प्रस्ताव बनाए हैं और कैबिनेट में मंजूर करवा कर उसे लागू कर दें। शहरी क्षेत्रों में आने वाले गरीबों-मजदूरों को 5 रू में भोजन उपलब्ध करवाने की घोषणा भी मु यमंत्री ने की।

# सच्चा संत ही आपको सदमार्ग और ईश्वर से प्रेम करना सिखा सकता है - आचार्य सतीश कृष्ण शास्त्री

सिवनी यशोः- नारद जी की प्रेरणा से वेद व्यास जी ने श्रीमद् भागवत ग्रन्थ लिखा है। श्रीमद् भागवत में 335 अध्याय हैं। यह व्यास जी द्वारा 18 पुराणों में से रचित बहुत श्रेष्ठ पुराण है। श्रीमद् भागवत कथा में 18 हजार श्लोक, 335 अध्याय व 12 स्कंध हैं। अन्य पुराणों के समान, श्रीमद् भागवत ऋषि वेद व्यास द्वारा लिखे गए हैं। ऋषि शुकदेव जी, जो वेद व्यास के बेटे थे उन्होंने श्रीमद् भागवत को राजा परीक्षित को सुनाया था। राजा परीक्षित वो जिनको ऋषि ष्रुंगी द्वारा 7 दिनों में तक्षक साँप द्वारा मारे जाने के लिए शाप दिया गया था। इसमें भक्ति, ज्ञान तथा वैराग्य की महानता को दर्शाया है।



कथाव्यास श्री सतीश कृष्ण शास्त्री ने श्रीकृष्ण जन्म और वामनअवतार प्रंसगो पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भगवान विष्णु के पांचवे अवतार वामन है जो कि ब्रा हण बालक के रूप में धरती पर आये और प्रहलाद के पौत्र राजा बलि से दान में तीन पग धरती मांगी जिसमें भगवान वामन ने तीन कदम में तीनो लोको को नापकर राजा बलि का घमंड चूर चूर किया। जिसके बाद भगवान कृष्ण ने धरती पर अवतरित हो विभिन्न लीलाओ को दिखाने और दुष्टों का संहार करने माता देवकी के गर्भ में जन्म लिया और दुष्ट कंस का वध कर अपने माता पिता को उसके चुगंल से छुडाया। लोग भगवान कृष्ण के बारे में कर तरह की टिप्पणिया करते है भगवान कृष्ण में अल्पायु में कई विशाल दैत्यो का वध किया जन्म लेते ही पूतना जैसी विशाल राक्षसी का वध किया विषपान किया और तो और पॉच छह वर्ष की अल्पायु में ही भगवान ने रासलीला की अपनी एक छोटी सी छिंगली में गोवर्धन पर्वत को धारण किया ` या ये सब एक साधारण मानव कर सकता है। श्रीमद् भागवत कथा विष्णु और कृष्णावतार की कथाओं का ज्ञान कराती इस पुराण में सकाम कर्म, निष्काम कर्म, ज्ञान साधना, सिद्धि साधना, भक्ति, अनुग्रह, मर्यादा, द्वैत-अद्वैत, द्वैताद्वैत, निर्गुण-सगुण ज्ञान प्राप्त होता है। श्रीमद् भागवत पुराण विद्या का अक्षय भंडार है। यह पुराण सभी प्रकार के कल्याण देने वाला है। श्रीमद् भागवत कथा में लिखें मंत्र और श्लोक केवल भगवान की आराधना और उनके चरित्र का वर्णन ही नहीं है। श्रीमद्भागवत की कथा में वह सारे तत्व हैं जिनके माध्यम से जीव अपना तो कल्याण कर ही सकता है साथ में अपने से जुड़े हुए लोगों का भी कल्याण होता है। जीवन में व्यक्ति को अवश्य ही भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। बिना आमंत्रण के भी अगर कहीं भागवत कथा चल रही है तो वहां अवश्य जाकर कथा श्रवण करना चाहिए। इससे जीवात्मा का कल्याण ही होता है। उक्त बातें भैरोगंज उत्कृष्ट विद्यालय के सामने चल चली में चल रही संगीतमय भागवता कथा में आचार्य श्री सतीश कृष्ण शास्त्री ने ब्यास पीठ से कहीं। संतों का परिचय उनका भेष नहीं गुण होता है - आचार्य श्री आचार्य श्री ने संतो के संबंध में कहा है कि संत का परिचय संत का भेष नहीं होता है। उनका तो मु य भेष उनका गुण होता है। आज के समय में कई बहुरूपिया संत भी चोला धारण कर विचरण कर रहे हैं। लेकिन आचार्य श्री ने संत के 6 गुण बताएं। जिसमें उन्होंने कहा कि संत में सहनशीलता, करुणा, सबको अपना मानना, किसी से शत्रुता ना रखना, निष्कामता एवं परोपकारी होना ही संत की असली पहचान है। आचार्य श्री ने कहा जब भी आप किसी संत या महात्मा से मिले तो इन 6 गुणों के माध्यम से उसकी पहचान कर सकते हैं। संत की पहचान होना आवश्यक है` योंकि वही तो आपका मार्गदर्शन करते है। आचार्य श्री ने कहा कि कई बार कहा जाता है कि पानी पियो छान के, गुरू बनाओ जान के` योंकि सच्चा संत ही आपको सदमार्ग और ईश्वर से प्रेम करना सिखा सकता है।

**श्री कृष्ण प्रणाम माता पिता को करते थे** –

आचार्य श्री ने भागवत कथा में चौथे दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव वर्णन किया। जिसमें उन्होंने श्री कृष्ण से संस्कार की सीख लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण स्वयं जानते थे कि वह परमात्मा हैं उसके बाद भी वह अपने माता पिता के चरणों को प्रणाम करने में कभी संकोच नहीं किया। यह शिक्षा भगवान श्रीकृष्ण से सभी को लेनी चाहिए। आज की युवा पीढ़ी धन कमाने में लगी हुई है लेकिन अपनी कुल धर्म और मर्यादा का पालन बहुत कम कर रहे हैं। से सेना परिवार की ओर से कॉलेज रोड भैरोगंज में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन मगंलवार को कथा व्यास सतीश कृष्ण शास्त्री ने भगवान कृष्ण के जन्म एवं लीलाओं की कथा सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कथाव्यास ने कहा कि परमात्मा ही परम सत्य है। जब हमारी वृत्ति परमात्मा में लगेगी तो संसार गायब हो जाएगा। प्रश्न यह है कि परमात्मा संसार में घुले-मिले हैं तो संसार का नाश होने पर भी परमात्मा का नाश` यों नहीं होता। इसका उत्तर यही है कि भगवान संसार से जुड़े भी हैं और अलग भी हैं। आकाश में बादल रहता है। और बादल के अंदर भी आकाश तत्व है। बादल के गायब होने पर भी आकाश गायब नहीं होता। इसी तरह संसार गायब होने पर भी परमात्मा गायब नहीं होते। संसार की कोई भी वस्तु भगवान से अलग नहीं है।कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों के घरों से माखन चोरी की। इस घटना के पीछे भी आध्यात्मिक रहस्य है। दूध का सार तत्व माखन है। उन्होंने गोपियों के घर से केवल माखन चुराया अर्थात सार तत्व को ग्रहण किया और असार को छोड़ दिया प्रभु हमें समझाना चाहते हैं कि सृष्टि का सार तत्व परमात्मा है। इसलिए असार यानी संसार के नश्वर भोग पदार्थों की प्राप्ति में अपने समय, साधन और सामर्थ को अपव्यय करने की जगह हमें अपने अंदर स्थित परमात्मा को प्राप्त करने का लक्ष्य रखना चाहिए। इसी से जीवन का कल्याण संभव है। कथा व्यास ने बताया कि वास्तविकता में श्रीकृष्ण केवल ग्वाल-बालों के सखा भर नहीं थे, बल्कि उन्हें दीक्षित करने वाले जगद्गुरु भी थे। श्रीकृष्ण ने उनकी आत्मा का जागरण किया और फिर आत्मिक स्तर पर स्थित रहकर सुंदर जीवन जीने का अनूठा पाठ पढ़ाया। इस अवसर पर पारूल से सेना,अशीष श्रीवास्तव,संजीव खरे,ममता खरे,निशा निगम,नितिशा खरे, दीक्षा श्रीवास्तव,बी.एम.से सेना सहित बड़ी सं या में श्रोतागण मौजूद रहै।

## एक वर्ष से लापता पुनिया को ग्रामीणों ने मिलाया परिवार से

सिवनी यशोः- बरघाट विकासखंड के ग्राम जाम के लोगों की मदद से उड़ीसा का एक व्यक्ति अपने परिवार से मिला पाया ग्रामीणों ने इसके लिये गूगल की मदद ली और उड़ीसा भटक कर आये व्यक्ति को उसके परिवार के पास पहुँचाया ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जाम से लगे जंगल में वनरक्षक सतीश उइके जंगल में भटकते हुये एक व्यक्ति दिखा। जिसे उसने ग्रामीणों की मदद से ग्राम जाम लेकर आये। जहां ग्रामीणों को उस अज्ञात व्यक्ति की भाषा समझने में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लगभग 1 सप्ताह तक ग्रामीणों ने उसके रहने खाने की व्यवस्था कर उसके परिजनों की तलाश शुरू की। बताया गया कि ग्रामीणों को अज्ञात व्यक्ति के कछ शब्द समझ आने पर गूगल की मदद से उन्होंने उड़ीसा के जिला बालासुर ब्लाक सुरों ग्राम टेंटाई में नंबर खोज संपर्क किया। तो उस व्यक्ति के परिजनों से उनकी बात हुई। जिस पर परिजनों ने बताया कि व्यक्ति का नाम पुनिया है। जो कि 1 वर्ष से लापता है। जिसकी परिजनों द्वारा तलाश की जा रही थी। जानकारी मिलने पर पुनिया के परिजन ग्राम जाम पहुचे जहां उन्होंने ग्रामीणों को धन्यवाद दिया। लापता पुनिया के परिजनों से मिलने पर वन रक्षक सतीश उइके, नेकसिंह बिसेन, नेतराम पटले, हिमांशु चौहान, सतेन्द्र गौतम सहित अन्य जागरूक ग्रामीणों का योगदान रहा।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक स पन्न

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में बुधवार 24 मई को जिला स्वास्थ्य समिति बैठक का आयोजन किया। जिसमें मु यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती निधि सिंह राजपूत, सभी सीडीपीओ एवं बीएमओ उपस्थित थे।

बैठक में कले टर श्री सिंघल ने स्वास्थ्य विभाग के अनमोल पोर्टल एवं महिला बाल विकास विभाग के संपर्क एप में दर्ज किये गए विकासखण्डवार एएनसी पंजीयन एवं शिशु जन्म की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने दोनों विभागों के मैदानीं अमलें को निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में डाटा मिसमेच की स्थिति न आये, ग्रामवार एएनएम एवं आशा कार्यकर्ता सँयुक्त रुप से एकजाई जानकारी संकलित कर प्रस्तुत करें। बैठक में कले टर श्री सिंघल ने लाडली लक्ष्मी योजना में ई केवायसी की प्रगति,प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मु यमंत्री बाल संवर्धन योजना की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

## 15 हजार रुपया महीना कमाने वाले को थमा दिया 15711 रुपया का बिजली बिल

सिवनी यशोः-सिवनी जिले के केवलारी में बढ़कर बिजली बिल मिलने से लोग काफी परेशान हैं। केवलारी निवासी जितेंद्र मिश्रा प्राइवेट दुकानों में काम करके अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा है। वही उसने बिधुत विभाग पंर आरोप लगाते हुए बताया कि अप्रैल 2023 का बिल 15711 रुपया का थमा दिया गया। जिसके बाद उसने डायरे टर, कमिश्नर मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड जबलपुर को शिकायत किया है। कि प्रतिमाह खपत युनिट अधिकतम 60 युनिट्स के हिसाब से बिल दिया जा रहा था। लेकिन जुलाई 2022 को अचानक 6888 रुपये का बिल आया तो मैंने बिजली विभाग के कर्मचारियों को बताया कि इतना बिल` यों आया है। उन्होंने कहा जो रीडिंग है, उसके हिसाब से बिल दिया गया है। लेकिन पूर्व के बिलो का मिलान किया कि मेरे घर कि जो खपत है अधिकतम 60 यूनिट फिर एकदम से इतनी बिजली कैसे खपत हो गई। बाद में विभागीय आउटसोर्स बिजली कर्मचारी ने बताया कि मीटर मे खराबी है। इसे बदलवा लो। तब से मे लगातार बिजली विभाग के अधिकारियों ओर कर्मचारियों को कह रहा हूं कि मीटर बदल दो। मीटर में खराबी है ओर उन्होंने मेरी बात को नजरंदाज कर दिया। नतीजा यह हुआ कि अप्रैल 2023 को जो बिलिंग मेसेज आया है। 1647 युनिट खपत बता दिया गया और 15711 रुपया का बिल थमा दिया गया है। यह भी कहा कि प्रति माह एवरेज 60 यूनिट खपत होती है और अचानक एकदम से 1647 युनिट खपत कैसे हो सकती है। जुलाई 2022 एवं अप्रैल 2023 के बिल ओर बाकी महीनों की खपत का प्रमाण यह बताता है कि बिजली विभाग के द्वारा लगाए मीटरों में ही खराबी है। इस बिषय को लेकर के जितेन्द्र मिश्रा बीते एक वर्ष से परेशान है। भीषण गर्मी में अत्यधिक बिल और परिवार के पालन पोषण को लेकर के असमंजस की स्थिति में है। विभाग के उच्च अधिकारियों से राहत दिए जाने और मीटर बदलने के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

## जल जीवन मिशन के प्रगतिरत कार्यों के लिये कले टर ने दिये दिशा निर्देश

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल ने बुधवार 24 मई को जल निगम एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जल जीवन मिशन के प्रगतिरत कार्यो की समीक्षा की। उन्होनें अनुभागवार योजनावार एकल एवं समूह नल जल योजनाओं की भौतिक प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी योजनाएं निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने आंगनवाड़ी एवं स्कूलों में मिशन अंतर्गत किये जा रहें नल कने शन कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने सभी आंगनवाड़ी एवं स्कूलों का निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार मर मत एवं सुधार कार्य करने के निर्देश स बन्धित अधिकारियों को दिये।

कले टर श्री सिंघल ने विगत बैठक में निर्देशों उपरांत भी नवीन एवं पुनः टेंडर की कार्यवाही पूर्ण न करने पर ईई पीएचई पर खासी नारजगी व्यक्त कर तत्काल उक्तानुसार कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने उपस्थित मैदानीं अमलें को पर्याप्त विद्युत आपूर्ति न होने से प्रभावित योजनाओं की जानकारी विद्युत विभाग को प्रेषित करने के निर्देश दिये। वही बैठक में उपस्थित सीई एमपीईबी को भी ऐसी सभी शिकायतों में तत्काल मर मत कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

## कुरई में आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में लाभान्वित हो रहे बच्चे

### कबड्डी और फुटबॉल खेल का हुनर सीख रहे खिलाड़ी

कुरई यशोः- संचालनालय खेल एवं युवा कल्याणा विभाग भोपाल के आदेशानुसार जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी के मार्गदर्शन में 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेलकूद प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें निःशुल्क प्रशिक्षण के माध्यम से कबड्डी एवं फुटबॉल का प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए शिविर के संयोजक कुरई विकास खंड के युवा समन्वयक श्री निकेश पद्माकर ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में 05 वर्ष से लेकर 18 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं को प्रतिदिन प्रातः 06:00 बजे से 7:30 बजे एवं शाम 05:00 बजे से 6:30 बजे तक नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है. जिसमें अग्रणी पब्लिक स्कूल मैदान, तलाब रोड़ में कबड्डी का प्रशिक्षण श्री नरेन्द्र पवार एवं क्रीड़ा परिसर मैदान में फुटबॉल खेल का प्रशिक्षण सीयाराम उइके जी द्वारा निःशुल्क प्रदान किया जा रहा है।




# पेयजल संकट : खाली मटको के साथ नगर पालिका में किया प्रदर्शन

## अकबर वार्ड में पानी के लिये परेशान जनता ने कहा सुधार नहीं हुआ तो होगा उग्र आंदोलन

सिवनी यशोः- सिवनी नगरीय क्षेत्र इन दिनों भंयकर जल संकट से



जूझ रहा है और नगर पालिका प्रशासन अपनी कमजोरियों को दबाने के लिये इस बात का दावा करता है कि नगर में पेयजल आपूर्ति पर्याप्त हो रही है । अपनी कमजोरियों पर्दा डालने के लिये अन्य तरह के कारण गिनाये जाते है और नगरीय जनता को गलत बताने का प्रयास किया जाता है । नगर में बढ़ रहे पेयजल संकट को लेकर अनेक वार्डो के निवासियों के द्वारा नगर पालिका कार्यालय पहुँचकर विरोध किया गया है परंतु पालिका प्रशासन द्वारा कोई सुधार नहीं किया जा रहा है यहाँ तक परिषद में भाजपा दल के नेता ज्ञानचंद सनोडिया के नेतृत्व में भी अपर्याप्त पेयजल सप्लाई के लिये आंदोलन किया गया परंतु पालिका प्रशासन के कानों में जूँ नहीं रेंगा । पेयजल की अपर्याप्त सप्लाई से परेशान अकबर वार्ड के निवासियों द्वारा वार्ड पार्षद श्रीमती मालती पांडे एवं भाजपा नेता अजय बाबा पांडे के नेतृत्व में मंगलवार को नगर पालिका परिषद पहुँचकर खाली मटको के साथ प्रदर्शन किया गया ।

**नपा पर जमकर कर भड़ने आमजन**

पेयजल समस्या से अकबर वार्ड के निवासी जूझ रहे हैं जो मंगलवार को खाली मटके लेकर नगर पालिका पहुंचे और जमकर नारेबाजी की। अकबर वार्ड के लोगों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा उनके साथ भेदभाव पूर्ण व्यवहार किया जा रहा है। उन्हें पर्याप्त पानी नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण इस भरी गर्मी में लोगों को जल समस्या से जूझना पड़ रहा है। वार्ड के लोगो ने इस बात की जानकारी पहले भी नगरपालिका के जि मेदार अधिकारियों को लोग दे चुके हैं परंतु कोई सुधार नहीं होने कारण उन्हें मजबूरन अकबर वार्ड की पार्षद सहित महिला,बच्चे और पुरुष बड़ी सं या में नगर पालिका परिषद के सामने पहुँचकर आंदोलन करना पड़ा और खाली मटको के साथ विरोध प्रदर्शन किया नगर पालिका प्रशासन के विरोध में नारे बाजी की ।

अकबर वार्ड के निवासी बाबा पांडे सहित लोगों ने बताया कि इस भीषण गर्मी में जहां नगरपालिका के अन्य वार्डो में पानी पर्याप्त दिया जा रहा है। वही अकबर वार्ड के लोगों को पानी की पर्याप्त सप्लाई नहीं हो रही है । वार्ड के लोगो को पानी के लिये यहाँ वहाँ भटकना पड़ता । पानी के इंतजाम में ही उनका इतना समय बर्बाद हो रहा है कि उन्हें अन्य किसी काम के लिये समय ही नहीं बचता । श्री पांडे ने बताया कि इस वार्ड निवासी कुछ शासकीय कर्मचारी है तो बड़ा वर्ग ऐसे लोगों का भी जो मजदूरी से अपना परिवार चलाते है परंतु पानी का जुगाड़ करने के कारण



मजदूर वर्ग की मजदूरी का नुकसान भी हो रहा है ।

**पुलिस ने समझाईश**

अकबर वार्ड के निवासियों द्वारा पेयजल की समस्या को लेकर किये गये आंदोलन से नगर पालिका कार्यालय के सामने हंगामे की स्थिती निर्मित हो गयी हंगामा को देखते हुए कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और समझाइश दी। जहां पुलिस कर्मियों की समझाइश के बाद नगरपालिका के अंदर नारेबाजी कर रहे लोग बाहर आए। लेकिन समस्या को लेकर गेट पर खड़े रहे और नारेबाजी करते रहे जिससे मु य मार्ग का यातायात भी बाधित हुआ । समस्या लेकर पहुँचे अकबर वार्डवासियों ने कहा है कि शीघ्र यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जायेगा ।

**वार्ड के साथ हो रहा भेदभाव बाबा पांडे ने लगाया आरोप**

वहीं बाबा पांडे ने आरोप लगाया है कि सिवनी नगर पालिका परिषद द्वारा अकबर वार्ड के साथ भेदभाव किया जा रहा है पानी की सप्प्लाई कम देने के साथ ही वार्ड में विकास कार्यो के लिये टेंडर ाी नहीं लगाये जा रहे है ।

**नपा अधिकारी ने कहा शीघ्र होगा सुधार**

वही नगरपालिका के सीएमओ रामकुमार कुर्वेती का कहना है कि बेजा बिजली कटौती के कारण और सप्लाई के समय सक्षम व्यक्तियों द्वारा टुल्लू पंप लगाये जाने के कारण समस्या बन रही है वहीं टंकी भरने में थोड़ा समय लगता है। जिसका शीघ्र निराकरण किया जाएगा। और नगरपालिका के अंतर्गत आने वाले सभी वार्डों में पर्याप्त पानी भी दिया जाएगा। साथ ही अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए भी पूरे प्रयास किये जा रहे हैं।

## जलावर्धन की लाइन शुरू किए जाने हेतु सुभाष वार्ड वासियों ने सौंपा ज्ञापन

सिवनी यशोः- नगरपालिका जहां बड़े बड़े बदलाव के दावे नागरिक हित की बाते करती नजर आती है। वही पालिका के सामने की सड़क पार करने के बाद से पानी का अभाव शुरू हो जाता है। लगभग 3 साल पहले से घरों में नीली लाइन के कने शन लिए गए और कहा गया था की पुरानी लाइन बंद हो जाएगी जल्दी करवा लो नही तो पानी को मोहताज हो जाएंगे। वही 3 साल बाद भी उस नीली पानी की पाइप लाइन में एक बूंद पानी भी नहीं मिल पा रहा। वही दूसरी ओर पुरानी पानी की पाइप लाइन में भी पानी आना आना कम हो गया है और जो आता भी है वो बहुत गंदा आता है।

ऐसी परिस्थिति में सुभाष वार्ड के नागरिकों द्वारा अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों चाहे पार्षद हो या नगरपालिका अध्यक्ष से अपील की गई पर हुआ कुछ नही। तो अब अंत में नागरिकों ने कमान अपने हाथ में ली है। अधिवक्ता नवेंदु मिश्र एवं दुर्गा प्रसाद सेन के नेतृत्व में पालिका को ज्ञापन सुभाष वार्ड वासियों ने सौंपकर ये चेतवानी दी हैं की यदि एक सप्ताह में नीली पानी की पाइप लाइन से स्वच्छ पानी शुरू नही किया गया तो नागरिक नगरपालिका में पहुंच कर आंदोलन को मजबूर हो जाएंगे। साथी जलावर्धन की अनियमितताओं के लिए आवश्यक विधिक कदम भी उनके द्वारा उठाए जाएंगे।

## जिलास्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम स पन्न

सिवनी यशोः- शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिलों में प्रतिमाह जिलास्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार 24 मई को जिला मु यालय के जनपद पंचायत कार्यालय सभाकक्ष में जिलास्तरीय रोजगार दिवस का जिलास्तरीय कार्यक्रम विधायक श्री दिनेश राय के मु य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में श्री आलोक दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, हितग्राहियों एवं श्री आर. एस. उईके, महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी एवं अन्य हितग्राही मूलक विभागों के अधिकारी / कर्मचारियों की उपस्थिति रही। रोजगार दिवस कार्यक्रम में विभागों द्वारा संचालित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के कुल 1413 स्वीकृत प्रकरणों में 1402.65/- (चौदह करोड़ दो लाख पैंसठ हजार रूपये) का हितलाभ हितग्राहियों को प्रदान किए गए।

जिलास्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम में हितग्राही मूलक विभागों द्वारा विभाग अंतर्गत संचालित स्वरोजगारमुखी योजनाओं की जानकारी दी गयी ताकि अधिक से अधिक शिक्षित बेरोजगार युवक / युवतियां योजना का लाभ लेकर स्वयं का रोजगार स्थापित कर सके।

दैनिक यशोन्नति



## अवैध शराब का गढ़ बना लखनादौन विकास खंड का ग्राम पंचायत बामहनवाड़ा

सिवनी यशोः- लखनादौन के गणेशगंज कस्बे से लगे बा हनवाडा ग्राम में महिलाएं इन दिनों बेहद चिंतित व परेशान है वजह ऐसी है कि यदि इसपर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो न सिर्फ वर्तमान बल्कि यह बुराई आने कई पीढ़ियों को नैतिक,शारीरिक,मानसिक व आर्थिक रूप से समाप्त कर देगी,दरअसल इस गांव में इन दिनों अवैध शराब घरों घर उतारी जा रही है एबम शासकीय शराब भी अबेधनिक तरिके है खुले आम बेची जा रही है, जो ग्रामीण युवकों बड़े बूढों को आसानी से उपलब्ध करा कर उनको आर्थिक क्षति पहुचाते हुए,शारिरिक, मानसिक,व नैतिक अक्षम बना रही है,इस समस्या से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा महिला समाज बेहद दुखी है,उनका शाम होते ही सड़को से गुजरना मुहाल हो जाता है वहीं घर जाओ तो अपने पुरुषों की गाली गलौज मारपीट से परेशान होकर वे मानसिक प्रताड़ित हो रही है,महिलाओं ने प्रशासन से शराब निर्माण व विक्रय के इन अवैध अड्डो पर शीघ्र कार्यवाही की मांग की है,आबकारी विभाग यदि समय पर नहीं जागा तो भविष्य में किसी अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।वही दूसरी और कुंभकरणीय नीद में सो रहा प्रशासन भी अनिभिघ्य है, नई पीढ़ी दिशाहीन हो रही है और नशे में लिप्त हो रही है ,हम जानना चाहते हैं कि ग्राम पंचायतों के टोला से महजरा टोला तक शराब बेचने के लिए शासन ने कोई अनुमति पत्राक जारी तो नही कर दिया है योकि शराब खुलेआम बेखोफ बेची जा रही है।

# आईटीआई कॉलेज छपारा के भूतपूर्व छात्रों का मिलन समारोह

छपारा यशोः- आईटीआई कॉलेज छपारा के भूतपूर्व छात्रों का



मिलन समारोह कॉलेज प्रांगण में आयोजित हुआ। जिसमें भूतपूर्व छात्रों ने कालेज के दिनों को याद कर तराने गाए।वही कोरोना काल में बिछड़ गए सहपाठियों व विभाग केअधिकारियों कर्मचारियों को याद कर नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कॉलेज प्राचार्य नलिन तिवारी के हस्ते दीप प्रज्वलन व राष्ट्रगान से कार्यक्रम का आर भ किया गया। कार्यक्रम में शामिल होने दूर-दूर से आए। पूर्व छात्र, छात्राओं का तिलक व आरती से स्वागत किया गया। जबलपुर से पधारे कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रशिक्षण अधिकारी वसीम खान ने पुष्प वर्षा कर आगन्तुकों का स्वागत किया। भूतपूर्व छात्र, छात्राओं ने कॉलेज का भ्रमण किया, अपनी पुरानी कक्षाओं में पहुंचकर यहां बिताए समय को याद कर उन ल हों का एहसास किया।

इस भूतपूर्व छात्र स मेलन को संबोधित करते हुए कालेज के प्राचार्य नलिन तिवारी ने कहा कि कालेज का जीवन सभी छात्रों की अविस्मरणीय पूंजी होती है। कालेज छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का सर्वोत्तम प्लेटफार्म होता है, कालेज की गतिविधियों में छात्रों द्वारा ली गई सहभागिता उनके भविष्य के मार्ग को सुनिश्चित करती है। उद्देश्य पूर्ण जीवन काम के प्रति जुनून वा मजबूत इरादे व्यक्ति को मंजिल तक पहुंचाते हैं। प्रशिक्षण अधिकारी सतीश सूर्यवंशी ने कहा कि छात्रों को अपनी डिग्री व जॉब मिलने के बीच की दूरी को दक्षता में वृद्धि करके सफलता प्राप्त करनी चाहिए। संस्था के ट्रेनिंग प्लेसमेंट ऑफिसर नीरज उईके में कहा संस्था में विभिन्न प्रशिक्षण व प्रेरणादायक व्या यानों के माध्यम से छात्रों के व्यक्तित्व विकास पर जोर दिया जाता है। कार्यक्रम संयोजक रंजना गुप्ता ने कॉलेज द्वारा प्रशिक्षण की गुणवत्तास में अभिवृद्धि व विकास के लिये समय-समय पर ओजेटी व विभिन्न कार्यालयों का भ्रमण कराया जाता है। प्रशिक्षण अधिकारी हर्ष सोनी ने पूर्व छात्रों द्वारा संस्था से जुडे रहने प्रशंसा की। पूर्व छात्र कृष्ण कुमार शर्मा ने अपना मार्मिक संस्मरण सुनाया और बताया कि 31 मई को उनके पापा सेवानिवृत्त हो रहे हैं और उसी दिन उनका रेल्वे विभाग में जोइनिंग है । जिसे सुनकर उपस्थित सभी लोगों की आंखें नम हो गई उन्होंने समय की महत्ता प्रतिपादित किया और कहा कि सफलता के लिये मोबाईल का उपयोग वरदान की तरह करें युवा पीढी, न कि अभिशाप की तरह। दूसरों को की गई सहायता हमेशा लौटकर आती



है। पूर्व छात्र नितिन विश्वकर्मा ने कालेज के उत्थान के लिए हमेशा तत्पर रहने का आश्वासन सभी छात्रों की ओर से दिया। छात्र सुदर्शन सूर्या ने बताया कि आईटीआई की सहायता से कैसे उन्हें रेल्वे में पदस्थापना मिली। छात्र कृष्ण कुमार डहेरिया ने अपने संघर्ष से सफलता का वृतान्त बड़े रोचक ढंग से उपस्थित स्टूडेंट्स को सुनाया।

छात्र टिकेंद्र ने बताया कि आईटीआई कैरियर के 360 डिग्री मार्ग खोलती है । मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण क पनी में पदस्थ जितेन्द्र यादव ने आईटीआई में किये गये विकास कार्यो की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इसके अलावा पूर्व छात्र छात्राओं ने छात्र जीवन में रोचक संस्मरण सुनाए। साथ ही शेर-शायरी, गीत एवं चुटकुले प्रस्तुत किए। राजकुमार सोयाम ने कार्यक्रम को कलात्मक रूप प्रदान किया कार्यक्रम का संचालन यश्विन ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में रामलाल बरकड़े, शैलेन्द्र ठाकुर, राकेश तिवारी, पी.डी.नापित, शालिनी उइके व बहुत अधिक सं या में पूर्व छात्र, छात्राएं स मिलित हुए।

# वन विभाग ने चीतल का शिकार करने वाले आरोपियों को दबोचा

धारनाकला यशोः- गत दिनांक 23 म ई को ग्राम दोदीवाडा मे पालतू कुत्तो की मदद से चीतल का शिकार करने का मामला प्रकाश मे आया है जिसे चार युवको जो अरी थाना क्षेत्र के रहने वाले है के द्वारा बुरी तरह से चीतल का शिकार कर मासं तैयार किया गया था जिसे वन विभाग की टीम ने धर दबोचा है तथा कार्रवाई की है

प्राप्त जानकारी के अनुसार वन विभाग के कक्ष क्रमांक 700 मे आरोपी राजू पिता लखनलाल बबने लुहार उम्र 27 वर्ष जितेन्द्र पिता झामसिह पवार 27 वर्ष संतोष पिता हगरू भूरे जाति तेली तथा दीपक पिता साहू जाति गोड उम्र 56 के द्वारा शिकार कर पकाने की तैयारी मे थे जिन्हे मुखबिर की सूचना पर वन विभाग के दल ने पकडते हुऐ कारवाई की है

वन परि छेत्र अधिकारी एस के जंभारे वन विकाश निगम बेहर ई तथा अनिल छेत्रीय ह.श एच एल दहिया ह.श पांड्या छपारा डिप्टी रेंजर ए के अडकने डिप्टी रेंजर आर पी जरगे डी के नागोत्रा जी कै मानेश्वर वन रक्षक पी के बघेल ए के पन्द्रे ए के शर्मा वी के मरशकोले के सहित वन विभाग की टीम ने कार्रवाई की है तथा मौके से तीन किलो कच्चा एवं पका हुआ चीतल का मासं तथा दो नग कुल्हाड़ी जिससे चीतल को काटा गया तथा तीन नग लकडी के पटे जिस पर रखकर मासं तैयार किया गया जप्ती की गई है

यंहा यह बताना भी लाजिमी है की



चीतल के शिकार मे संलग्न आरोपियो को एवं मासं बरामद करने मे दोदीवाडा सरपंच तथा ग्रामीणो का भी विशेष सहयोग वन विभाग को मिला है

वन विभाग ने अपराध क्र मांक 368/33 के तहत वन्य जीव अधिनियम की विभिन्न धाराओ के तहत वन विभाग द्वारा आरोपिथो के खिलाफ कार्रवाई करते हुऐ न्यायालय मे पेश किया गया है

# चलते चार पहिया वाहन में अचानक लगी आग

छपारा यशोः- सड़क में दौड़ रहे

**चालक की सूझबूझ से बची लोगों की जान**

**अचानक बोनट से धुआ निकलता देख ड्राइवर ने रोका वाहन बेकाबू आग ने बोलेरो वाहन को जलाकर किया खाक**

बोलेरो वाहन में अचानक तेज आग लग गई आग इस कदर भीषण थी कि तत्काल बोलेरो वाहन को पूरी तरह अपनी चपेट में लेकर जलाकर खाक कर दिया गनीमत रही कि हादसे में कोई जन हानि नही हुई।

बताया जाता है कि है पूरी घटना छपारा थाना क्षेत्र के भीमगढ़ पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम सालीवाडा अकलमा मार्ग का है जहां तिलवारा गांव से बारातियों को लेकर जा रहे वाहन जो सड़क में दौड़ था की चलते चलते ही बोलेरो वाहन में आग लग गई आग लगने से बोनट में धुआं उठता देख ड्राइवर ने तुरंत वाहन को सड़क पर खड़ा किया और तभी वाहन में सवार लोगों को नीचे उतारा,तब तक आग ने पूरी तरह बोलेरो वाहन को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया था देखते ही देखते बोलेरो वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की. उक्त बोलेरो वाहन तिलवारा गांव से कलारबाकी देवरी बारातियों को लेकर जा रहा था..



जिसे राशिद खान नामक व्यक्ति चला रहा था जिसने बताया कि अचानक गाड़ी में आग लगी और धुआं उठा तो उन्होंने गाड़ी तुरंत रोक दी हालांकि इस घटना से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई लेकिन बोलेरो वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया. मौके पर छपारा से दमकल वाहन भी बुलाया गया था घटना के आधे घंटे बाद दमकल वाहन मौके पर पहुंचा लेकिन इससे पहले ही बोलेरो वाहन जलकर पूरी तरह खाक हो गया था फिलहाल आग पूरी तरह काबू हो चुकी है लेकिन वाहन जलकर खाक हो गया।

# पांच दिन में सीमांकन नहीं हुआ तो पटवारियों पर गिरेगी गाज

## सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

सिवनी यशोः- सिवनी अपर कले टर सीएल चनाप की ओर से तहसील कार्यालय बरघाट का औचक निरीक्षण किया गया। जहां तहसील न्यायालय बरघाट व नायब तहसीलदार न्यायालय गंगेरु आ धपारा न्यायालय के प्रकरणों की समीक्षा की। साथ ही लंबित प्रकरणों को त्वरित रूप से निराकरण करने के निर्देश दिए।

रेवेन्यू केस मैनेजमेंट सिस्टम की जानकारी भी ली। साथ ही नामांतरण व बंटवारे के प्रकरणों को नियत समयावधि में निराकृत करने के निर्देश दिए। वहीं सीमांकन के प्रकरणों की धीमी गति से निराकरण पर नाराजगी व्यक्त की।

पटवारियों को दी हिदायत

अपर कले टर ने आगामी 5 दिवस के भीतर पटवारियों से सभी लंबित सीमांकन पूर्ण किए जाने को कहा और हिदायत दी कि इस नियत अवधि में सीमांकन पूर्ण नहीं करने पर लापरवाही बरतने वाले पटवारियों पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह भी स्पष्ट किया गया कि वर्तमान में सीमांकन करने की अधिकारिता राज्य शासन की ओर से पटवारियों को दे दी गई है। अतः उनसे नियत अवधि में सीमांकन संबंधी कार्यवाही पूर्ण कराए।

एडीएम सिवनी की ओर से तहसील बरघाट की सीएम हेल्पलाइन की सभी शिकायतों के बारे में पूछा। साथ ही स्वयं लंबित शिकायतों में शिकायतकर्ताओं को फोन लगाकर बात की। राजस्व विभाग की ओर से उस संदर्भ में की गई कार्रवाई की जानकारी ली गई।

साथ ही अपर कले टर की ओर



से 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का पुनः परीक्षण कर संतुष्टि पूर्वक बंद कराने के निर्देश दिए। ने शा शुद्धिकरण पख वाड़ा, स्वामित्व योजना में वांछित प्रगति व मु यमंत्री भू आवासीय अधिकार योजना में प्रगति लाने के लिए अधिकारियों को कहा। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी बरघाट महेश अग्रवाल, तहसीलदार अमित रिनाहिते व नायब तहसीलदार प्रीति पटेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सिविल सर्जन को कारण बताओ नोटिस जारी



**समय सीमा बैठक स पन्न**

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में सोमवार 24 मई को कले ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्रीमती निधि सिंह राजपूत, अपर कले टर सी.एल. चनाप सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही।

बैठक में सर्वप्रथम कले टर श्री सिंघल ने जनसेवा अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत अधिसूचित सेवाओं में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए लंबित आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित विभाग प्रमुख को दिए। उन्होंने अभियान के द्वितीय घटक में शामिल सीएम हेल्पलाईन की भी विस्तृत समीक्षा की तथा शिकायतों का अपेक्षाकृत निराकरण न करने को लेकर सीएमएचओ, सिविल सर्जन हॉस्पिटल, सीईओ जनपद लखनादौन को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी तरह बैठक में अनुपस्थित पाए गए कार्यपालन यंत्री पेंच तथा जीएम सीसीबी का एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं।

कले टर श्री सिंघल ने समाधान ऑनलाईन के लिए चयनित विषयों के साथ 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों में भी त्वरित कार्यवाही कर संतुष्टि से निराकरण दर्ज करने तथा जन शिकायत, सीएम मॉनिट, माननीय सांसद, माननीय विधायकगणों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के पत्रों में त्वरित कार्यवाही कर प्रतिवेदन प्रेषित करने के निर्देश संबंधित अधिकरियों को दिए। कले टर श्री सिंघल ने छात्र-छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र वितरण की स्थिति का भी समीक्षा करते हुए जाति प्रमाण पत्रों को त्वरित रूप से जारी करने तथा वितरण की गति बढ़ाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# विद्युत उपभो ता शिविरों में उपस्थित हेकर समस्याओं का निराकरण करायें

सिवनी यशोः- अधीक्षण अभियंता म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए

**क्षेत्रवार शिविरों की तिथियाँ घोषित**

बताया गया कि मु यमंत्री जनसेवा अभियान द्वितीय चरण अंतर्गत वृत्त सिवनी एवं लखनादौन संभाग अंतर्गत विद्युत संबंधी समस्याओं का निराकरण करने हेतु शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जो नि नानुसार है-- विद्युत वितरण केन्द्र सिवनी (शहर) में दिनांक 25 एवं 26 मई 23 को वितरण केन्द्र कार्यालय सिवनी (शहर) में, सिवनी ग्रामीण का 25 मई को ग्राम पंचायत भवन लूघरवाड़ा में, वितरण केन्द्र बरघाट का 26 मई को ग्राम पंचायत भवन बोरी, वितरण केंद्र अरी का 25 मई को ग्राम पंचायत भवन काठी में, वितरण केंद्र धारना का 26 मई को ग्राम पंचायत भवन अतरी एवं 30 मई को ग्राम पंचायत भवन जामनखारी में, वितरण केंद्र मुंगवानी का 25 मई को वितरण केंद्र कार्यालय मुंगवानी में, वितरण केंद्र बंडोल का 25 मई को ग्राम पंचायत भवन बाकी में, वितरण केंद्र कुरई का 29 मई को ग्राम पंचायत भवन कुरई में, वितरण केंद्र गोपालगंज का 25 मई को वितरण केंद्र कार्यालय गोपालगंज में, वितरण केंद्र बादलपार का 27 मई को ग्राम पंचायत भवन चक्की खमरिया में, वितरण केंद्र केवलारी का 25 मई को ग्राम पंचायत भवन छिंदा में, वितरण केंद्र कान्हीवाड़ा का 26 मई को ग्राम पंचायत भवन भोमा में, वितरण केंद्र खैरापलारी का 27 मई को ग्राम पंचायत भवन मैरागांव में, वितरण केंद्र उंगली का 29 मई को ग्राम पंचायत भवन मोहबर्रा में, वितरण केंद्र पांडिया छपारा का 29 मई को ग्राम पंचायत भवन पांडिया छपारा में शिविर आयोजित होगा।

इसी तरह 27 मई को वितरण केंद्र कार्यालय घंसौर में, 27 मई को वितरण केंद्र कार्यालय लखनादौन में, 25 मई को वितरण केंद्र कार्यालय धनौरा में, 25 मई को वितरण केंद्र कार्यालय आदेगांव में, 25 मई को वितरण केंद्र कार्यालय केदारपुर में, वितरण केंद्र छपारा 1 एवं छपारा 2 का 26 मई को वितरण केंद्र कार्यालय छपारा में, 27 मई को वितरण केंद्र कार्यालय धूमा में एवं 27 मई को वितरण केंद्र कार्यालय गनेशगंज में शिविर आयोजित होगा। विद्युत उपभोक्ता अपनी विद्युत संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या के निराकरण हेतु अपने नजदीकि शिविर में उपस्थित होकर समस्या का निराकरण करवा सकते हैं।

# ऊर्जा बचाये, प्लास्टिक का उपयोग करें बन्द

**चिकित्सको व वैज्ञानिको ने रखे विचार संगोष्ठी में**



सिवनी यशोः- पर्यावरण संरक्षण समय की आवश्यकता है। पर्यावरण के में अगर हम जागरूक नहीं हुये तो उसके दुष्परिणाम हमको देखने प्रति को मिल सकते हैं, कोरोना का देश हम भोग चुके है और इस दौरान भारत की रीति और नीतियों के कारण हम इस महामारी पर भी नियंत्रण पाने में सफल रहे। मध्यप्रदेश पर्यावरण नियन्त्रण बोर्ड द्वारा पर्यावरण दिवस के पखवारे के तहत जिन्दल हास्पिटल में आयोजित संगोष्ठी क्षेत्रीय कार्यालय के प्रमुख वैज्ञानिक टी. एस.बनर्जी ने विचार रखे।

श्री बेनर्जी ने आगे बताया कि पर्यावरण संरक्षण वैसे तो काफी विस्तृत क्षेत्र है लेकिन पर्यावरण विभाग के आयुक्त, गुलशन वामरा एवं सहायक लोकेश ठाकुर द्वारा किये गये निर्देश के अनुसार सात बिन्धो पर कार्य किया जा रहा है। जिसमे लोगों की ऊर्जा को सुरक्षित करना, पानी को कैसे बचाया जाये, प्लास्टिक का उपयोग को कैसे रोका जाए तथा फास्ट फूड का पालीथिन में उपयोग से रोकने का अभियान हेल्थ लाइफ स्टाइल आदि बिन्दुओं पर हम लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं।

जिला अस्पताल के मु य चिकित्सा अधिकारी राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि अनेक देशों में पानी की समस्या है वही हमारे देश मे लोग पानी, को बर्बाद करते हैं जो आने वाले समय में समस्या का कारण बन सकता है। लोगों को जागरूक करने के लिए हमें चौक-चौराहों मे बैनर लगाना चाहिए। लोग पर्यावरण को संरक्षित करने प्लाटिक के स्थान पर कपड़े लेग का उपयोग का चार्ज देने से बचते हैं।

जिन्दल हास्पिटल के डारे टर डा.सुनील अग्रवाल ने कहा कि प्लास्टिक में मल्टी केमिकल होने के कारण कैंसर जैसी बीमारी की स भावना रहती है, गायत्री परिवार का मूलमंत्र हम सुधरेंगे युग सुधरेगा का यह वो य पर्यावरण संरक्षण को लेकर सारगर्भित है अगर हम ऊर्जा का सदुपयोग करते रहे। हमें हेल्थ को लेकर हम जागरूक हो सुबह जल्दी उठे और सब में जल्दी सोये । इस अवसर पर डॉ. अनामिका अग्रवाल श्वेता अग्रवाल ने डा. टी. एस. बेनर्जी विजेन्द्र सिंह कनिष्ठ वैज्ञानिक अर्शीद परवेज सहायक मंत्री तथा सुमेश गीतेश परले यशवन्त उपाध्याय अनमोल अग्रवाल ने पुष्प गुच्छ ले अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर असलम बाबा, जनक तिवारी, राधिका कश्यप सहित जिन्दल की ललीता दीक्षित सत्तेन्द्र ठाकुर, सीमा-श्रीवास्तव महेश परते रानी परते माया अग्रवाल रानी मसूराम प्रियंका चन्द्रवंशी प्रियंका धुर्वे नंदनी देशमुख सोनिका यादव प्रेमा बनादे सीमा भलावी, अंजू बाघमारे प्रियका राने अभिलाषा जपेला मुनिला कीर्ति उइके, शालिनी भलावी तुलसी, वंदना निधी विश्वकर्मा, सोनाली वाटेश्वर अजय-चन्द्रवंशी मलखान वहोल अमित प्रवीण विशाल बुन्देला सहित सत्य जिन्दल के असिस्टेड डायरे टर गुरुमान सिह सिद्धू डा. विनीत सेठ सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297